बरेली, शुक्रवार
17 जुलाई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण



# गुड लाइफ हास्पिटल में स्थापित होगी कैथ लैब

**बरेली:** स्थापना की 8वीं वर्षगांठ पर एसआरएमएस गुड लाइफ हास्पिटल में दो दिवसीय हेल्थ उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें मरीजों के परामर्श के साथ ही डेढ़ दर्जन से ज्यादा जांचे निश्शुल्क की जाएंगी। डायरेक्टर ऋचा मूर्ति ने बताया कि अन्य सभी जांचों और हेल्थ पैकेज पर भी 20 फीसदी की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि हार्ट के मरीजों के उपचार के लिए हास्पिटल में अगले महीने कैथ लैब स्थापित की जाएगी। इसके अलावा रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपण की सुविधा मिलेगी। बताया कि हास्पिटल 19 को अपनी स्थापना की 8वीं वर्षगांठ मनाएगा। वि.